(ख) इस वर्ष के अंत तक कितना कार्य पूरा होने का अनुमान है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) और (ख) लगभग 80% भूमि अधिगृहीत की जा चुकी है तथा परियोजना की पूरी लम्बाई पर मिट्टी संबंधी काम तथा छोटे पुलों का ठेका आबंटित कर दिया गया है। लगभग सभी बड़े पुलों तथा सुरंगों और कंक्रीट स्लीपरों के निर्माण तथा सप्लाई के ठेके भी दे दिए गए हैं। मंगलोर-उदुपि खंड (70 कि. मी.) तथा रोहा-दसगांव खंड (47 कि. मी.) पर 1992 के दौरान काम पूरा हो जाने तथा इसे चालू कर दिए जाने की आशा है।

दादर स्टेशन पर चाय के स्टाल का आबंटन

3710. **श्री गुफरान आज़म** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दो बेरोजगार युवकों, जिनमें से एक विकलांग और एक स्नातक युवक है, ने मानवीय आधार पर मध्य रेल के दादर स्टेशन पर उन्हें चाय का स्टाल आबंटित किए जाने के लिए अभ्यावेदन दिए थे ;

(ख) क्या यह सच है कि तत्कालीन प्रधानमंत्री ने दिनांक 25 फरवरी, 1991 और 5 मार्च, 1991 के अपने पत्रों द्वारा तत्कालीन रेल मंत्री को संबोधित करते हुए यह आदेश दिए थे कि मध्य रेल के दादर स्टेशन पर प्लेटफार्म नं. 78 और 34 पर स्थित रेलवे स्टालों को तुरंत इन युवकों के लिए आबंटित कर दिया जाए और इन आदेशों के अनुसार रेल मंत्री ने उन्हें तुरंत रेलवे के दो स्टाल आबंटित किए जाने के आदेश दिए थे;

(ग) यदि हां, तो उपर्युक्त आदेशों का पालन न करने के क्या कारण हैं; और

(घ) इन आदेशों की अवहेलना करने वाले अधिकारियों के नाम क्या हैं तथा उनके विरुद्ध क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) से (ग) दादर स्टेशन पर चाय स्टालों के आबंटन हेतु सहानुभूतिपूर्वक विचारार्थ दो अभ्यावेदन प्राप्त हुए थे। इन अभ्यावेदनों की विधिवत जांच की गई थी लेकिन उपलब्ध सुविधाओं की पर्याप्तता, प्लेटफार्मों पर भीड़-भाड़ और संभावित कानूनी जटिलताओं आदि जैसे विभिन्न कारणों की वजह से इन अनुरोधों को स्वीकार नहीं किया जा सका।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

Non-payment of retirement dues by Indian Road Construction Corporation

3711. SHRI SAMAR MUKHERJEE : Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Indian Road Construction Corporation, a Public Sector Undertaking, under the Ministry of Surface Transport has been withholding the payment of retirement dues of six retired employees since 1st January, 1991 in?pite of issuance of consolidated No. DEMAND CERTIFICATE to these employees ; and

(b) if so, the reasons therefor ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (SHRI JAGDISH TYTLER) : (a) and (b) The Indian Road Construction Corporation has paid the main claim on account of gratuity etc. of the six retired employees on their date of retirement. However, the gratuity claim based on revised DA with retrospective effec as well as insurance amount receive* from the Life Insurance Corporatio are in the process of being paid.